656
8/10/12

खण्ड : 5 संख्या : 3,10,12,16,17

# दशम् बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(पंचम् सत्र)

(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

सत्यमेव जयते

वृहस्पतिवार, दिनांक : 27 जून 1991 ई०
सोमवार, दिनांक : 08 जुलाई 1991 ई०
बुधवार, दिनांक : 10 जुलाई 1991 ई०
मंगलवार, दिनांक : 16 जुलाई 1991 ई०
शुक्रवार, दिनांक : 19 जुलाई 1991 ई०

(2) 60 प्रतिशत की राशि सामानों की आपूर्त्ति के पश्चात् 45 दिनों के अन्दर भुगतान करना था एवं शेष 10 प्रतिशत की राशि अवस्थापन एवं कमिशनिंग के एक साल के अन्दर भुगतान करना था (बर्क्स आर्डर की प्रति संलग्न)

वर्ष 1990-91 में इस योजना के लिये 80.00 लाख रुपया की स्वीकृति दी गई, परन्तु यह राशि रेवन्यू डिपोजिट में रखा गया है। फलस्वरूप मिल्क फेडरेशन को अभी तक उक्त राशि उपलब्ध नहीं करायी जा सकी है । राशि की विमुक्ति के लिये आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

वर्ष 1991-92 में इस योजना के लिये 26.28 लाख रुपये की स्वीकृति योजना स्वीकृति संबंधी अधिकृत समिति द्वारा दी जा चुकी है।

---

## तारांकित प्रश्न संख्या 88 के सम्बन्ध में चर्चा

**श्री मो० अजीमुद्दीन :** अध्यक्ष महोदय, इसमें समय चाहिये।

---

## आयरन फिल्ट्रेशन प्लांट लगाना

89. **श्री राम प्रकाश महतो :** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार नगरपालिका क्षेत्र के अन्तर्गत बनियां टोला चौक पर स्थित पानी टंकी का निर्माण 30 (तीस) वर्ष पूर्व किया गया था तथा सड़कों एवं चौराहों पर टैप एवं नल स्टैण्ड बनाया गया था ?